(ग) यदि हां, तो पैराफिन मोम के मामले में देश कब तक आत्मनिर्भर हो जायेगा; और

(घ) देश में प्रतिवर्ष कितने मूल्य के कितने पैराफिन मोम का आयात किया जाता है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) वर्ष 1987-88 के दौरान पैराफिन वैक्स का उत्पादन 48,500 मी० टन और खपत 66,000 मी० टन तक होने का अनुमान है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए कुछ रिफाइनरियों में वैक्स के उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है ।

(घ) चालू वर्ष के दौरान आयात किये जाने वाले पैराफिन वैक्स का ब्योरा निम्नलिखित है :—

वर्ष	मात्रा मी०टन में	मूल्य एफ० एण्ड० एफ० अमरीकी डालर
1987-88	20,000	1,33,00,000.00

Retirement age of Judges

*300. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Will the Minister of LAW AND JUSTICE be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to raise the retirement age of Judges of High Courts; and

(b) if so, by how many years and if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF PLANNING, THE MINISTER OF PROGRAMME IMPLEMENTATION AND THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI P. SHIV SHANKER): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

भाखड़ा बांध में पानी का स्तर

@2468. **श्री रशीद मसूद :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में जुलाई, 1987 के महीने में भाखड़ा बांध का जल-स्तर कम हो गया था;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि पानी का स्तर कम हो जाने के कारण उत्तरी क्षेत्र के अनेक राज्य प्रभावित होते हैं; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने संबंधित राज्यों को इस परिणामी प्रभाव से अवगत कराने के लिये कोई प्रयास किया है ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) जी, हां ।

(ख) इसका मुख्य कारण सतलुज नदी के अपवाह क्षेत्र में वर्षा की कमी के कारण भाखड़ा जलाशय में अन्तर्वाह कम होना है ।

(ग) यदि वर्तमान प्रवृत्ति बनी रहेगी तो जलाशय का जल स्तर नीचा रहने से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान राज्यों में सिंचाई के साथ-साथ विद्युत के उत्पादन पर भी प्रभाव पड़ेगा ।

(घ) भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड ने बोर्ड की तकनीकी समिति की बैठकों में राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को स्थिति से अवगत करा दिया है ।

@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1484 जिसे 7 जुलाई, 1987 से स्थानांतरित किया गया ।